गांजा बिक्री करने की फिराक में घुम रहे दो व्यक्तियों को पूंजीपथरा पुलिस ने पकड़ा

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक अमित सिंह को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम गेरवानी बस स्टैण्ड में दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बैग में रखकर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश करते हुए बस का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ गेरवानी बस स्टैण्ड के पास पहुंचे। जहां संदेही बल्लभ चौहान पिता स्व0 द्रिप साय चौहान उम्र 54 वर्ष सा0 डीपापारा बेंगची थाना बरमकेला जिला रायगढ (छ0ग0) एवं राजेश चौहान पिता करमू चौहान उम्र 37 वर्ष सा0 घुचापाली थाना बरमकेला जिला रायगढ को एक बैग के साथ पकडे। बैग के अंदर मिले 02 पैकेट में 480 ग्राम एवं 420 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल 900 ग्राम किमती 1800 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में अप.क्र. 116/19 धारा 20(ब) NDPS ACT की कार्यवाही की गई है।

8 लिटर महुआ शराब जप्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक अभय सिंह के हमराह आरक्षक भीष्मदेव सागर एवं ओम प्रकाश पटेल द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम पडिगांव थाना तमनार निवासी गौतम साहू पिता स्व0 भागीरथी साहू उम्र 61 वर्ष को अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु पैदल लेकर आते हुये ग्राम पडीगांव अटल चौंक के पास पकडे। आरोपी के पास से 10 लिटर के सफेद प्लास्टिक जरीकन में भरी करीबन 08 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 109/19 धारा 34(2),59 आबकारी की कार्यवाही की गई है।

सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व सोने की अंगुठी एवं मोबाईल पार,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। घर में ताला लगाकर परिवार समेत खाना खाने होटल गये लोग जब घर वापस आये तो किसी ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नगदी रुपये व सोने की दो अंगुठी व अन्य समान चोरी हो गया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एमआर कालोनी टैंगोरनगर कोतवाली रायपुर निवासी अविन्तदास 23 वर्ष पिता जयन्त दास ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की रात घर में ताला लगाकर पूरा परिवार खाना खाने नया रायपुर गया हुआ था। जब वापस रात्रि 10.20 को घर आये तो घर का ताला तोड़कर किस ने कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी 32 हजार रुपये व एम नग मोबाईल फोन मोटोरोला कंपनी का व सोने के दो अंगुठी एवं कपड़े ,बैग चोरी हो गया। प्रार्थी ने छत के उपर से किसी के भागने की आहट सून कर छत पर दौड़ लगाई तो देखा की मकान के पास एक बाईक खड़ी खड़ी थी व चोर चोरी करके फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

शराब पीने पैसा नही देने पर नगदी व एटीएम कार्ड छीनकर लूटा,मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। शराब पीने पैसा नही देने पर आरोपी ने युवक से मारपीट कर जेब में रखे 1 हजार रुपये नगदी व एटीएम कार्ड छीनकर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धरा 394 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हदईपारा खमतराई रायपुर निवासी दीपक कौशल 36 वर्ष पिता स्व.भुवनलाल कौशल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सन्यासीपारा खमतराई रायपुर निवासी शिव उर्फ अण्डर 22 वर्ष पिता रामु यादव ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा नही देने पर मारपीट कर पेन्ट की जेब में 1 हजार रुपये व एटीएम कार्ड छीनकर फरार हो गया।

आकाशीय बिजली के चपेट में आने से दो ग्रामीण महिलाओं की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ जिले में तमनार ब्लॉक पड़ीगांव में जंगल से लौट रही दो ग्रामीण महिलाओं की आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं जंगल जलाऊ लकड़ी लेने गई थी। लौटते समय मौसम।खराब होने पर एक पेड़ के नीचे रुक गई बताया जा रहा है कि इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में दोनों महिलाएं आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनो मृत महिलाएं तिलाईपारा समकेरा की बताई जा रही है। घटना की जानकारी बारिश रुकने पर लोगो को पता चला।

मामले की जानकारी मिलते ही तमनार पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोनों महिलाओं की शिनाखती कराई जा रही है।

अकाशीय बिजली की चपेट में आया बालक, मिली डायल 112 की सहायता

न्याय साक्षी/रायगढ़। शाम छाल और पूंजीपथरा राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ। छाल राइनो को इवेंट मिला था कि नवाडीह कुडूमकेला के पास एक बालक अकाशीय गाज के चपेट में आकर अचेत अवस्था में है।

मौके पर पहुंची छाल राइनो को जानकारी मिला कि सूरज राठिया पिता भोलाराम राठिया उम्र 15 साल निवासी नावाडीह अकेला घर के पीछे आम खाने के लिए गया था तभी आकाशीय बिजली के चपेट में आने से अचेत अवस्था हो गया था जिसे परिजन घर लाए थे डायल 112 आरक्षक पुरुषोत्तम सिदार द्वारा ई आर बी वाहन में से आहत को सीएचसी खरसिया दाखिल कराया गया है।

पूंजीपथरा राइनो ने शाम बिजली पानी से बचने के लिए पेड़ के नीचे बैठे कमल बघेल पिता कन्हैया बघेल उम्र 30 साल , किशन रात्रे पिता नरेंद्र रात्रे उम्र 8 वर्ष , नरेंद्र रात्रे पिता लखन रात्रे उम्र 24 वर्ष सभी निवासी गेरवानी गाज की चपेट में आ गए थे। आहतों को 108 व राइनो वाहन की मदद से केजीएच रायगढ़ में भर्ती कराया गया है।

सिटी बस सड़क किनारे गड्ढे में गिरी, घायलों के लिए मदद के लिए पहुंची डायल 112 वाहन

न्याय साक्षी/रायगढ़। कमांड कंट्रोल रायपुर द्वारा डायल 112 अंतर्गत चलने वाली सरिया, बरमकेला, चंद्रपुर ईआरव्ही वाहन को विश्वासपुर, सरिया रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर रवाना किया गया क्योंकि आज दोपहर बरमकेला से रायगढ़ आ रही सिटी बस को बस का चालक विश्वासपुर सरिया के पास सड़क किनारे गड्ढे में घुसा दिया था जिससे वाहन में बैठे लगभग 15 लोग घायल हो गए थे घायल पंजू सारथी उम्र 35 वर्ष , दुलार सारथी 44 वर्ष , विकास सारथी 12 वर्ष सभी निवासी मिट्ठू मोड़ा सुंदरी भट्ट 32 साल , कमल भट्ट 39 साल, बिपाश भट्ट 12 वर्ष सभी निवासी कोसमपाली को चोटे आई थी जिन्हें डायल स्टाफ द्वारा सीएससी बरमकेला में भर्ती कराया गया है।

पीकअप पलटने से सब्जी विक्रेता का निधन

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम ओरडी थाना आस्ता जिला जशपुर में रहने वाला संदीप तिग्गा पिता मार्टिन तिग्गा उम्र 32 वर्ष प्रतिदिन पिकअप वाहन में सब्जी लेकर रायगढ़ ब्रिकी करने आता था। आज दिनांक 30.06.19 को रात्रि में संदीप तिग्गा गांव के पीकअप वाहन में चालक मनोहर तिग्गा, हेल्फर हेमंत एक्का, दुसमी लकडा के साथ रायगढ़ सब्जी व फल लेकर आ रहा था कि रात्रि करीब 03:30 बजे ग्राम कुडुमकेला रोड में अचानक पीकअप वाहन का मनोहर तिग्गा द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटने से वाहन में आग लग कर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें बैठे लोगो को चोंटे आई। एक्सीडेन्ट की सूचना डायल 112 को प्राप्त होने पर मौके पर आकर सभी आहतों को ईलाज हेतु सीएचसी घरघोडा में भर्ती कराया गया जहां संदीप तिग्गा का उपचार दौरान निधन हो गया। दुर्घटना की रिपोर्ट हेमन्त एक्का पिता अलबिनुस एक्का उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम ओरडी द्वारा थाना घरघोड़ा में दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर पीकअप चालक मनोहर एक्का के विरूद्ध अप.क्र. 120/19 धारा 279, 337, 304(ए) आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ढाबा से बाइक पार करने वाला धराया

न्याय साक्षी/रायगढ़। सात माह पूर्व ढाबा के पास हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पार करने वाले वेदराम सारथी निवासी मानिकपुर थाना सरिया को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसके पास से मोटरसाइकिल जब्त कर गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में प्रस्तुत किया।जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दामोदर साहू पिता मुकुंद राम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बानीपाथर थाना खरसिया के ढाबा के पास से 9 नवंबर सन 2018 को हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 जेड 6774 को वेदराम सारथी पिता जय लाल सारथी उम्र 30 वर्ष निवासी मानिकपुर थाना सरिया जिला रायगढ़ को मुखबीर की सूचना पर 29 जून को खरसिया पुलिस के नगर निरीक्षक सुमत राम साहू के निर्देश पर प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक किशोर राठौर, राजेश राठौर, प्रदीप तिवारी, मुकेश यादव की टीम ने हमालपारा रेलवे ओवर ब्रिज के पास से बाइक समेत रंगे हाथों धर दबोचा। बेदराम सारथी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं वीगत एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय झेलना मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480